# यहोशू ने देखा कि इस्राएलियो को क्या करना था।

जब परमेश्वर हमें दर्शन देता है तो हमें अच्छी सूचना के लिए प्रार्थना करनी चाहिए और परमेश्वर की आज्ञा मानने की योजना बनानी चाहिए।

वह गतिविधियाँ करे जो वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार हो तथा आपके सहकर्मी यों के पास समय हो। बच्चों के अध्यापक को वी 1 बी अध्ययन पढ़ना चाहिए।

**1. प्रार्थना: प्यारे यीशु, आप हमारे आज्ञा देने वालो हो।**

हमें मार्ग दिखाए कि आप क्या करना चाहते हैं और हमें क्या करना है। अच्छे सन्देश में हमारी अगुवाई करें ताकि हम बुद्धिमानी से चुनाव कर सकें।

**गिनती अध्याय 13:1-16 में ढूढें....**

- परमेश्वर क्या करने वाला था। *(उत्तर पद 2 कनान देश इस्राएलियो को दें)*
- लोग क्या करना चाहते थे। *(उत्तर: भूमि का भेद लो, उस देश की जानकारी लो)*
- यह करने की आज्ञा उन्हें किसने दी *(देखें पद 3)*

**गिनती अध्याय 13:17-24** में ढूंढ़े कि भेदिया क्या सीखना था...



- कहाँ जाने के लिए *(पद 17, नोट: कनान में दो मुख्य प्रदेश थे, पहाड़ी देश और नेगेव तलहटी में)*
- लोगों की शक्ति के बारे में *(18)*
- लोगों की संख्या के बारे में।
- उस देश के बारे में *(19)*
- 
- उसकी भूमि के बारे ये उपजाऊ है या बंजर। *(20)*
- जंगलों आदि के बारे में।
- स्थानिय उत्पादो के बारे में।

## अच्छे सन्देश प्राप्त करना

परमेश्वर ने कहा कि उसके लिए प्रत्येक भाषा समूह, जाति, लोगों, और देशों से चेले बनाओ। हमें यह सीखना होगा कि प्रत्येक लोगों के समूह के लिए हम क्या कर सकते है, ताकि हम बुद्धिमान चुनाव से उन परिवारों को ढूंढ सके जिनमें से चेले बनाने हैं। यीशु ने कहा लोगों को ढूंढना फसल काटने के समान है। हमें तीन प्रकार के संदेशों के बारे में देखना है।

**फसल काटने के मैदान के विषय में।**

क. कौन कौन से विभिन्न लोगों के समूह हर क्षेत्र में रहते हैं।

ख. प्रत्येक लोगों के समूह की आबादी कितनी है।

ग. उनकी भाषा, सामाजिक स्तर, जाति आर्थिक स्थिति और मुख्य सांस्कृतिक चिन्ह क्या है।

घ. वह आपस बातचीत कैसे करते हैं।

ङ. उनका धर्म विश्वास और आत्मिक व्यवहार क्या है।

च. वह यीशु के बारे में क्या जानते हैं और मसीहयों के प्रति उनका व्यवहार कैसा है।

**फसल काटने वाली शक्ति के विषय में।**

छ. वह कौन सी अन्य मसीह कलीसियाएँ, धार्मिक कार्य, और सस्थाएँ है, जो चेले बनाने की कोशिश कर रही है।

ज. वह कौन से लोगों के समूह के बीच काम कर रहें है?

झ. उनके कार्यालय कहाँ है तथा उनके सेवक कहाँ रहते हैं।

ञ. उनमें से कौनसी सेवकाई अच्छा करने के योग्य हैं।

ट. उनके सेवको का सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषा सम्बन्धी चिन्ह क्या है।

ठ. उनमें से कौनसी सेवा संस्थाएँ आपको और एक दूसरे को सहयोग देगी।

**फसल काटने के बदले में देने के विषय में।**

ड. प्रत्येक लोगों के समूह के अनुरूप कितने चेले पहले से बन चुके।

ढ. चेलों का अनुपात कह रहा है या बढ़ रहा है।

ण. किस मात्रा में नए विश्वासी, हर वर्ष बपतिस्मा ले रहे हैं।

त. किस मात्रा में प्रप्ति वर्ष नए झुण्ड और कलिसियां स्थापित हो रही है।

थ. कलीसियाओं के नए अगुवो को कैसे प्रशिक्षित किया जा रहा है।

द. किन विभिन्न साधनों द्वारा नए चेले बनाए जा रहे हैं।

**यहोशू अध्याय 1:1-11** में ढूंढ़ें, यहोवा ने यहोशू को क्या दर्शन दिया।

- परमेश्वर की वाचा *(2 और 5)*
- यहोशू की आज्ञाकारिता *(8 और 9)*
- यहोशू की योजनाए *(10 और 11)*

**2. अपने सहकर्मी यों के साथ आने वाले सप्ताह की गतिविधियों की योजना बनाएँ।**


अपने नए सीखे अगुवो के साथ प्रशिक्षण सत्र के दौरान, उनको अपने दर्शन बताने में सहायता करें। उनके साथ योजना बनाए कि वह कैसे अपने दर्शन को पूरा कर सकते हैं। शुभ सन्देश ढूंढेन में उनके मार्ग दर्शक बनें।

अपने लोगों के मध्य उपज काटने के प्रश्नों का उत्तर भाग एक से दें

तुम्हारे नज़दीक अन्य लोगों के समूह के बारे में प्रश्नों का उत्तर उपरोक्त भाग एक से दें।

अन्य कलिसियाओं और सँस्थाओं से अच्छी सूचना लेने के लिए सम्बन्ध स्थापित करें और उस सूचना के लिए सहयोग करें।

अगर दूसरे इच्छुक है, एक अनुसन्धान समूह की व्यवस्था करें जो इकठ्ठा होकर आपके क्षेत्र में प्रत्येक लोगों के समूह की सूचनाएँ बाँटे।



अन्य मसीह अगुओ से पूछों तुम्हारे देश में कितने मसीह अनुसन्धान कार्यालय है। उन कार्यालयो से सम्बन्ध स्थापित करने की योजना बनाए और उनसे उपेक्षित लोग और जगहों के विषय में सूचना प्राप्त करें।

**3. आने वाली आराधनाओ की सहकर्मी यों के साथ योजना बनाएँ।**

गिनती अध्याय 13 और 14 से भेदियों की कहानी पढ़े जो कनान देश में गए। ध्यान आकर्षण करे

- लोगो ने आज्ञा मानने से क्यों मना किया और चालीस वर्षो तक जंगलो में घूमते रहे, जब तक वह सब मर गए।
- यहोशू और कालेब कितने विखासनीय थे कि उन्होंने नई पीढ़ी की कनान देश तक अगुवाई की।

**बच्चो ने जो तैयार किया है वह प्रस्तुत करेगें।**

उपेक्षित लोगों के समूह का पता लगाने की योजना पर विचार करे और सेवकों को वहाँ भेजने के लिए। यदि किसी ने यह पहले कर लिया है तो वह परिणाम का विवरण दें।

प्रभु भोज के परिचय के लिए यूहन्ना अध्याय 21:9-14 पढ़ें। व्याख्या करें कि हम भी शीध्र ही मृत्यु से जी उठने के बाद यीशु के साथ खाँएगे और हमारा मकसद होगा इस बड़े पर्व में सब सम्मिलित हो।

दो या तीन के छोटे समूह में, आसपास के उपेक्षित लोगों के समूह लिए और उनकी सेवा के लिए योजना बना रहें हैं, उनके लिए प्रार्थना करें।

गिनती अध्याय 13:18 एक साथ याद करें।

**शब्द जो अपने लोगों को सीखाते हैं।**

**अनुसन्धान:** ध्यानपूर्वक, लोगों और स्थानों के बारे में सही सूचना ढूंढ़ना जो हमारी उनको मदद करने की योजना में सहायक हो।

**जहाँ नहीं पहुँचे:** लोगो का समूह जिनके पास पर्याप्त मसीह और कलीसियाएँ नहीं है कि अपने लोगों को, अन्य कलीसियाओ की सहायता के बिना, धर्म प्रचार कर सकें।

**उपज काटने का क्षेत्र:** न पहुँच पाने वाली जगहों के नाम और लोगों के समूह जो वहाँ रहते हैं।

**उपज काटने की शक्ति:** उन मसीहो की गिनती और श्रेणी जो चेले बनाने के इच्छुक है और लोगों के समूह में कलीसिया शुरू करना चाहते हैं।

**उपज काटने के बदले में देना:** लोगों के समूह में उनकी संख्या जो यीशु में विश्वास करते हैं और बपतिस्मा लेना चाहते हैं।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net